# मेरा बजरंग बाला | By Sunil Kedia

जहाँ राम की चर्चा होती आता बजरंग बाला
मेरा बजरंग बाला हो मेरा बजरंग बाला
राम नाम की धुन में नाचे होके ये मतवाला
मेरा बजरंग बाला हो मेरा बजरंग बाला

राम नाम की माला, हर दम मेरा बाला जपता
राम नाम को लेकर हर काम को पूरा करता
चुटकी में हर काम को करता मेरा बजरंग बाला
मेरा बजरंग बाला हो मेरा बजरंग बाला

लक्ष्मण जी की मूर्छा से जब राम का मन घबराया
संजीवन बूटी लेकर के लक्ष्मण का प्राण बचाया
सीता माता पता लगा के सारी लंका को जलाया
मेरा बजरंग बाला हो मेरा बजरंग बाला

भूत पिशाच निकट नहीं आवे जब हनुमत नाम उच्चारा
भक्त शिरोमणि राम दुलारा पूजे जग इन्हे सारा
मिट्ठू केसरी नंदन ये तो लाल लंगोटे वाला
मेरा बजरंग बाला हो मेरा बजरंग बाला

राजा राम राम राम, राजा राम राम राम
राजा राम राम राम, राजा राम राम राम

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%ac%e0%a4%9c%e0%a4%b0%e0%a4%82%e0%a4%97-%e0%a4%ac%e0%a4%be%e0%a4%b2%e0%a4%be-by-sunil-kedia/